निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ

पत्रांक /बा0वि0परि0/लेखा/2022–23, दिनांक : 11 जुलाई, 2022

कार्यालय आदेश

विषयः जनपदों में आपूर्तित आधार नामांकन किटों की ऑनबोडिंग एवं उनमें आधार नामांकन के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक विभाग की अनुपूरक पुष्टाहार योजना एवं एस0ए0जी0 योजना आधार एक्ट–16 की धारा–7 अन्तर्गत नोटीफाई की जा चुकी हैं **(नोटीफिकेशन की छायाप्रति संलग्न)**। भारत सरकार द्वारा भी अब पोषण ट्रैकर पर आधार वेलीडेटेड लाभार्थियों के अनुसार ही फण्ड एवं खाद्यान्न का आवंटन राज्य को किया जायेगा। अतः पोषण ट्रैकर पर सभी लाभार्थियों के आधार का वेलीडेशन अनिवार्य है और इसके लिए लाभार्थियों के आधार होना भी आवश्यक है। 75 जनपदों में प्रत्येक परियोजना हेतु एक डेस्कटॉप बेस्ड एवं एक टैबलेट बेस्ड आधार नामांकन किट की आपूर्ति हो चुकी है और इनकी ऑनबोर्डिंग और उनके नामांकन का कार्य जनपदों द्वारा यू0आई0डी0ए0आई0 के सहयोग से प्रकिया में है, जिसमें प्रगति काफी कम है। **जनपदवार अद्यावधिक प्रगति का विवरण संलग्न है।**

उक्त कार्यों हेतु आपको निम्नवत् मण्डलों का प्रभारी अधिकारी नामित किया जाता है :–

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	आवंटित मण्डल
1	श्रीमती आरूति यादव, उप निदेशक	आजमगढ़, प्रयागराज, वाराणसी एवं मिर्जापुर
2	श्रीमती सत्यवती सरोज, उप निदेशक	कानपुर, सहारनपुर एवं चित्रकूट
3	सुश्री कमलेश गुप्ता, उप निदेशक	फैजाबाद, देवीपाटन, बस्ती एवं गोरखपुर
4	श्री जफर खान, उप निदेशक	मुरादाबाद, अलीगढ़, झांसी एवं बरेली
5	सुश्री पूजा अग्निहोत्री, उप निदेशक	लखनऊ, मेरठ एवं आगरा

इस हेतु आप द्वारा निम्नवत् कार्य किया जाना है :–

(1) 15 जुलाई, 2022 तक पोषण ट्रैकर पर योजना के लाभार्थियों का शत्–प्रतिशत आधार सीडिंग एवं वैलिडेशन कराना।

(2) आधार किटों की ऑनबोर्डिंग एवं आधार नामांकन कार्य में प्रत्येक सप्ताह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीव्र गति से पूर्ण कराना।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने आवंटित मण्डलों के जनपदों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र दोनो कार्यों को उक्तानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। आधार किटों की आनबोर्डिंग एवं आधार नामांकन कार्य हेतु सुश्री सौम्या श्रीवास्तव, सहायक प्रबन्धक (मो0 नं0–9919100917) एवं श्री संतोष कुमार (मो0 नं0–9559657774), यू0आई0डी0ए0आई0 से भी सहयोग प्राप्त कर लें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या C–323 **/तद्दिनांक ।**

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. सुश्री सौम्या श्रीवास्तव, सहायक प्रबन्धक एवं श्री संतोष कुमार, यू0आई0डी0ए0आई0 को इस अनुरोध के साथ कि उक्त कार्य में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
5. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्यालय (पोषण एवं स्वास्थ्य)

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक